Mahatma Gandhi Shati Smarak Mahavidyalaya,

Garua Maksoodpur, Ghazipur

Extension Activities

Women Empowerment Campaign under Missiomn Shakti Abhiyan

08 March 2021

चतुर्थ दिवस दिनांक : 08.03.2021

आज दिनांकः 08.03.2021 को नित्य की भांति प्रातःकाल समय 8:00 बजे महाविद्यालय परिसर में आकर प्रार्थना सभा में मां सरस्वती और आदि शक्ति को स्मरण किया। शिविर स्थल की सफाई करते हुए 9:00 बजे सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने व्यायाम किया। इसके पश्चात् स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कराया गया। तदोपरान्त सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाए अपने–अपने परियोजना कार्य के अन्तर्गत विगत दिवस की रिपोर्ट यूनिट लीडर द्वारा कार्यक्रम अधिकारी को प्रस्तुत की गयी ततपश्चात् चयनित ग्राम–गरुआ मकसूदपुर में जाकर **महिला सशक्तिकरण** के मुद्दे पर लोगों को जागरुक किया। महिला सशक्तिकरण विषय पर कहा कि हमारे देश में महिलाओं को शसक्त बनाने कि लिए समय–समय पर अपने कानून में संसोधन किया। दोपहर 1:30 तक भोजन करने के उपरान्त सभी स्वयंसेवक एवं सेविकाऐं 2:30 तक विश्राम किये। दोपहर 2:30 से 4:30 तक बौद्धिक परिचर्चा के अन्तर्गत नारी सशक्तिकरण पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर इकाई के विभिन्न स्वयंसेवक एवं सेविकाऐं भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये। डा0 हरीशंकर जी ने बताया कि मानव प्रचीन काल में पर्यावरण के साथ अपनी संगति को कायम रखा है। मानवीय सभ्यता और जुगुल बन्दि अति प्राचीन काल से ही चलती आ रही है। मानव वाताचरण का प्रेमी था, और प्रकृति के साथ चलता था।

कार्यक्रम अधिकारी ने मिशन शक्ति को समझाते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आदित्य योगीनाथ द्वारा चलाया गया योजना है जिसमें पुलिस अभियान के चलते सभी जिलों गाँव में मिशन शक्ति की जीप या दोपहिया में महिला पुलिस अधिकारी खुद जाकर जांच करेंगी और मनचलों की धर पकड़ करेंगी।

मिशन शक्ति अभियान की शुरुवात हरी झंडी दिखाकर की गई, पुलिस अधिकारीयों ने एक वहां को मिशन शक्ति अभियान के जागरूक रथ के रूप में तैयार किया है, जो जगह जगह जाकर लोगों में अभियान के बारे जानकारी देकर उनमे जागरूकता फैलाएगा।

कुछ महिला पुलिस पिंक कलर की स्कूटी में जगह जगह जाकर जागरूक करेंगी।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रमाकान्त यादव के निर्देशन में चाय पी और अगले दिवस कार्यदिवस की योजना बनाई। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का उपस्थिती पंजिका का हस्ताक्षर कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी के आदेशानुसार सभी लोग अपने—अपने घर चले गये।

ग्राम गरुआ, मकसूदपुर में जागरुकता रैली कार्यक्रम।

महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय

गरुआ, मकसूदपुर, गाजीपुर

सप्त दिवसीय विशेष शिविर आख्या

सप्त दिवसीय विशेष शिविर जागरुकता रैली में सहभागी
स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं।

प्राचार्य
महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय
गरुआ, मकसूदपुर-गाजीपुर